## खबर संक्षेप

### पुरानी मंडी में मिला युवक का शव

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू मार्केट स्थित पुरानी विश्वास राव मंडी (ईदगाह चौक के पास) में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नजीराबाद निवासी इमरान के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की जाँच शुरू कर दी है।

### हार्वेस्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेपी मोड़, बगहा के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक अनियंत्रित हार्वेस्टर ने मोटरसाइकिल और एक ठेले को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

### रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

**बरही।** रेत का अवैध रूप से परिवहन करने पर खितौली पुलिस ने ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है।खितौली पुलिस द्वारा अवैध रेत का परिवहन की सूचना पर ग्राम सलैया सिहोरा में दबिश दी। सलैया सिहोरा मेन रोड पर एक रेत से भरा हुआ बिना नंबर का ट्रैक्टर मिला। ड्राइवर पुलिस को देखकर भाग गया, ट्रैक्टर ट्राली समेत अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए जाने पर समक्ष गवाहों के कब्जे में लेकर ट्रैक्टर ट्राली जप्त की गई तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर ट्राली को सुरक्षित चौकी परिसर में खड़ा कराया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे चौकी खितौली प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल , प्र. आर सीताराम वर्मा ,आरक्षक अंकित बड़गैया की भूमिका रही।

### विधायक ने चिन्हित भूमि का किया निरीक्षण

**सिलौंडी।** जनपद पंचायत का पुराना भवन जर्जर हालत को लेकर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता दुबे की लगातार प्रयासों और बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह विकास के प्रति सक्रियता के साथ मुख्यमंत्री से चर्चा कर तुरंत नवीन भवन की अनुशंसा पर जनपद पंचायत नवीन भवन हेतु 5 करोड़ स्वीकृत हुआ। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने अधिकारी कर्मचारी के साथ नवीन भवन की चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया और अधिकारी कर्मचारी को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, एसडीएम निधि गोयल, जनपद पंचायत सीईओ युजुवेंद्र कोरी, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, सोनू गौतम, योगेंद्र सिंह ठाकुर, अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस बैंड की धुनों से युवाओं को किया जागरूक

**कटनी।** पुलिस भर्ती प्रक्रिया को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत छठवीं वाहिनी जबलपुर के पुलिस बैंड दल ने शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर भ्रमण कर लोगों को भर्ती संबंधी जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान मिशन चौक में आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जहां पुलिस बैंड की मधुर धुनों ने नागरिकों और युवाओं का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने युवाओं को पुलिस विभाग में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हुए भर्ती प्रक्रिया, पात्रता, शारीरिक मापदंड और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों की सहभागिता रही। पुलिस विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक योग्य एवं इच्छुक युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वे देश सेवा के अवसर का लाभ उठा सकें।पुलिस प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे भर्ती से संबंधित आधिकारिक सूचनाओं पर नजर रखें ।

प्रशासन की लापरवाही पर फूटा किसानों का गुस्सा

## सतना-मैहर जिले में आग का तांडवः 60 एकड़ से अधिक गेहूं की फसल जलकर खाक

**सतना/मैहर।** गर्मी की शुरुआत होते ही जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में भीषण आग लगने की घटनाओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है। रविवार को मैहर और सतना जिले के तीन अलग-अलग स्थानों पर बिजली के तारों और ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी ने कहर बरपाया,जिससे लगभग 60-70 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई।मुकुंदपुर में दमकल के अभाव में ग्रामीणों ने खुद आग से जंग लड़ी। मैहर जिले के ताला थाना अंतर्गत मुकुंदपुर (शुक्ला बस्ती) में रविवार को बिजली के तार से निकली चिंगारी काल बन गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 4 एकड़ में खड़ी लहलहाती गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंचा,जिसके बाद स्थानीय लोगों ने खुद ही अपनी जान जोखिम में डालकर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक फसल राख हो चुकी थी। सिंहपुर बेलगहना में ट्रांसफार्मर की चिंगारी ने निवाला छीन लिया। सबसे बड़ी तबाही नागौद ब्लॉक के सिंहपुर बेलगहना हार में देखने को मिली। यहाँ एक ट्रांसफार्मर में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण निकली चिंगारी ने खेतों में भीषण आग लगा दी।देखते ही देखते आग ने पचासों एकड़ खेत को अपनी आगोश में ले लिया। यहाँ भी दमकल विभाग की सुस्ती देखने को मिली,समय पर फायर ब्रिगेड न पहुंचने के कारण किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। रामपुर बाघेलान के ग्राम सतरी में भी आग ने जमकर तांडव मचाया। यहाँ खड़ी गेहूं की फसल में अचानक लगी आग से हड़कंप मच गया। हालांकि, यहाँ सूचना मिलते ही दो फायर




ब्रिगेड की गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग को और फैलने से रोका गया। बावजूद इसके,लगभग 8 से 10 एकड़ की फसल जल गई,जिससे किसान दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं। प्रभावित किसानों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। साथ ही बिजली विभाग की लापरवाही और फायर ब्रिगेड की लेत-लतीफी को लेकर भी गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।

### मुख्य बिंदु एक नज़र में:

प्रभावित क्षेत्रः मुकुंदपुर (ताला),सतरी (रामपुर बाघेलान),बेलगहना (नागौद)। लगभग 65 एकड़ गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है।

विधायक प्रतिनिधि ने पहुँचाया अस्पताल,रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के शाह मोड़ की घटना

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, मासूम समेत तीन घायल





सतना।

अमरपाटन-रीवा मार्ग (एन एच-30) पर ग्राम शाह मोड़ के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार एक महिला,एक नाबालिग और एक मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को हाईवे एम्बुलेंस 1033 की मदद से सिविल अस्पताल अमरपाटन में भर्ती कराया गया है।

### मजदूरी कर घर लौट रहे थे ग्रामीण

प्राप्त जानकारी के अनुसार,पीड़ित मूल रूप से ग्राम झिन्ना के निवासी हैं। बताया जा रहा है कि वे पाल क्षेत्र से मजदूरी का काम निपटाकर वापस अपने गाँव झिन्ना लौट रहे थे,तभी शाह मोड़ के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़कपर काफी दूर तक घिसटते चले गए। घटना की सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह तत्काल मौके पर पहुँचे। उन्होंने



मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए न केवल घायलों को अस्पताल भिजवाने में मदद की,बल्कि उनके परिजनों को भी हादसे की सूचना दी। अस्पताल में घायलों का उपचार जारी है।हाईवे एम्बुलेंस 1033और स्थानीय लोगों के सहयोग से अस्पताल पहुँचाया गया। रामपुर बाघेलान पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। कार चालक की तलाश की जा रही है।

## कचनार गांव में रिटायर्ड फौजी के बगीचे से चंदन दो पेड़ काट लें गए बदमाश

### हफ्तों के भीतर चंदन चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना

**सतना।** नागौद क्षेत्र के कचनार गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेना से सेवानिवृत्त आदित्य सिंह परिहार के घर के पीछे स्थित बगीचे में सेंधमारी की। चोरों ने वहां लगे 50 साल पुराने चंदन के दो विशाल पेड़ों को काटकर चोरी कर लिया। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने दो अन्य पेड़ों को भी काटने की कोशिश की थी,लेकिन उन्हें बीच में ही छोड़कर फरार हो गए। रिटायर्ड फौजी आदित्य सिंह वर्तमान में छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में रहते हैं,जबकि नागौद स्थित उनके पुश्तैनी मकान में उनके ताऊ और परिवार के अन्य सदस्य निवास करते हैं। श्री परिहार समय-समय पर अपने पैतृक गांव आते-जाते रहते हैं।

### क्षेत्र में सक्रिय है संगठित गिरोह

ग्रामीणों और स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,नागौद क्षेत्र में पिछले दो हफ्तों के भीतर चंदन चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले भी चोरों ने इसी तरह एक अन्य स्थान से चंदन के 6 पेड़ पार कर दिए थे। लगातार हो रही इन वारदातों से क्षेत्र के निवासियों में भय और चिंता का माहौल है। पुलिस का मानना है कि इस वारदात के पीछे कोई बाहरी संगठित गिरोह सक्रिय है। यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से काम करता है। गिरोह के सदस्य दिन के समय



गांव में घूमकर उन घरों की पहचान करते हैं जिनके आंगन या बगीचे में चंदन के पेड़ लगे हैं। मौका मिलते ही रात के सन्नाटे में पेड़ों को काटकर कीमती लकड़ी ले भागते हैं। बाजार में चंदन की लकड़ी की भारी कीमत होने के कारण अपराधी सुनियोजित तरीके से इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

### पुलिस की कार्रवाई और जांच

नागौद पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिले,तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। फिलहाल,पुलिस की टीमें अलग-अलग इनपुट



के आधार पर संदिग्धों की तलाश में जुटी हैं।

### इनका कहना है-

पुलिस चंदन चोर गिरोह का सुराग लगाने के लिए पूरी शिद्दत से जुटी हुई है। मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।—**अशोक पाण्डेय,थाना प्रभारी (नागौद)**

## मैहर में अघोषित वाहन स्टैंड बना मुसीबत

**सीएम राइज स्कूल के बाहर अव्यवस्था चरम पर**

**मैहर।** शहर में इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही है। खासकर सीएम राइज स्कूल की बाउंड्री के पास खड़े होने वाले मॉल (कमर्शियल) वाहन स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गए हैं। देखा जा रहा है कि सड़क किनारे अवैध रूप से खडे ये वाहन कब अचानक मुड़ जाएं या किस दिशा में चल पड़ें यह पूरी तरह भगवान भरोसे है। नतीजा यह है कि यहां हर समय जाम जैसी स्थिति बनी रहती है,जिससे आम लोगों,स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।यहां पर स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब बसें



बार-बार रुकती हैं,जिससे यातायात पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है। इसी प्रकार शहर के अंदर और बाहर रेता (बालू) से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाइवा वाहनों की आवाजाही ने शहर की सूरत बिगाड़ दी है। जहां मन चाहे,वहीं इन भारी वाहनों की पार्किंग ना कोई रोक,ना कोई बंदिश। स्थानीय लोगों का आरोप है कि न तो यातायात विभाग कोई ठोस कार्रवाई कर रहा है,न ही नगर प्रशासन इस अव्यवस्था को सुधारने के लिए गंभीर दिख रहा है। लोगों का कहना है कि जिला बननें के बाद शहर में अतिक्रमण के कारण आवागमन प्रभावित होते है जिससे लोगों को काफी परेशनी का सामना करना पड़ता है।

## देश में लोकतंत्र बचाओ का महासम्मेलन भेड़ा में 20 को

**शिव प्राण प्रतिष्ठा एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया जाएगा सम्मानित, विशाल भण्डारा**

मैहर। मैहर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भेड़ा में 20 अप्रैल को 11 बजे से पंच,सरपंच हरिजन, आदिवासी,किसान,मजदूरों के शोषण सहित लोकतंत्र बचाओ महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है,इसी के साथ मड़फहा महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कर शिव प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी एवं विशाल भण्डारा भी होगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चुरहट,पूर्व नेता प्रतिपक्ष,पूर्व मंत्र म.प्र.शासन अजय सिंह राहुल भोपाल होंगे जब कि अध्यक्षता विधायक अमरपाटन,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष,पूर्व मंत्री म.प्र. शासन भोपाल करेंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व विधायक चित्रकूट नीलाशु चतुर्वेदी,पूर्व विधायक रामपुर बघेलान रामलखन पटेल,सुखेन्द्र एंव मैहर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई उपस्थित रहेंगे।उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रीय जन कल्याण संघर्ष समिति एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता पं.राम निवास उरमलिया ने देते हुए बताया है ग्राम पंचायत में आगामी 20अप्रैल को सरकार की गलत नीतियों के देखते हुए पंच,सरपंच, हरिजन,आदिवासी,किसान मजदूरों के शोषण के खिलाफ एवं लोकतंत्र बचाओं का महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा।

## मैहर में मिला अज्ञात नवजात, पुलिस की तत्परता से बची जान

### देवीजी क्षेत्र में लावारिस हालत में मिला 2-3 महीने का बच्चा,इलाज जारी

**मैहर।** मैहर थाना क्षेत्र के देवीजी इलाके में सुबह करीब साढ़े 11 बजे एक अज्ञात नवजात बच्चे के मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। करीब 2 से 3 महीने का यह मासूम लावारिस हालत में मिला है,जिसे देखकर स्थानीय लोग भी भावुक हो उठे। बच्चे की स्थिति को देखते हुए तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई,जिसके बाद प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए उसे सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया पुलिस की तत्परता से समय पर मिला इलाज सूचना मिलते ही मैहर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और बिना देरी किए डायल 112 की सहायता से बच्चे को मैहर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की इस तत्परता के कारण बच्चे को समय रहते चिकित्सा सुविधा मिल सकी जिससे उसकी जान बच पाना संभव हो सका।

### विशेषज्ञों की निगरानी में इलाज

अस्पताल में बच्चे को (न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट) में भर्ती किया गया है,जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक बच्चे की उम्र लगभग 2-3 महीने आंकी गई है शुरुआती जांच में उसकी स्थिति स्थिर पाई गई है पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस,परिजनों की तलाश जारी

इस घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। देवीजी क्षेत्र और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है,ताकि यह पता लगाया जा सके कि बच्चे को वहां कौन और किन परिस्थितियों में छोड़कर गया। ड्यूटी पर मौजूद डॉ पृथ्वीराज सिंह ने बताया कि यह बच्चा अज्ञात है करीब साढ़े 11 बजे डायल 112 की मदद से लाया गया है। बच्चा करीब 2 से तीन माह का है। बच्चे बुखार भी है। डायल 112 में मौजूद पुलिसकर्मी सरला सिंह द्वारा अस्पताल में लाया गया है। भर्ती किया गया है बच्चे का उपचार जारी है।



## कटरा बाजार का प्राचीन श्री राम मंदिर शीघ्र ही नए स्वरूप में देखने को मिलेगा

मैहर।

जिस तरह से आयोध्या में श्रीराम मंदिर बनवाकर नए स्वरूप में देखने को मिल रहा है उसी प्रकार मैहर के कटरा बाजार में स्थित श्रीराम मंदिर को नया स्वरूप दिया जा रहा है जिसका काम तेजी से चलाया जा रहा है। यही नहीं इस नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में कमेटी के तरफ से प्रतिदिन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे जिसकी तैयारियां भी जोरों से चल रही है। उक्त जानकारी श्री राम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया गया है कि मैहर के कटरा बाजार स्थित श्री राम मंदिर काफी प्राचीन प्रसिद्ध मंदिर था जो अब जीर्णशीर्ण होता चला जा रहा था जिसको लेकर कमेटी के द्वारा इस मंदिर भव्य नया स्वरूप देने हेतु निर्णय लिया गया और नियमानुसार कार्यवाही कर इस पुराने मंदिर को गिरा कर नया बनाया जा रहा है जो शीघ्र ही बनकर तैयार हो जाएगा। इस मंदिर को बनवाने हेतु विशेष पत्थरों एवं कारीगरों को काम पर लगाया गया हैऔर मंदिर तैयार होने के बाद इसकी विशेष सजावट भी की जाएगी। श्री अग्रवाल ने बताया कि इस नवनिर्मित श्री राम मंदिर में राम दरबार के साथ-साथ श्री कृष्ण दरबार के भी दर्शन होंगे,यही नहीं प्रतिदिन सातों दिनों तक अलग-अलग रूप में भक्तों को दर्शन देंगे। इसी तरह एक लाइब्रेरी भी खोली जाएगी जिसमें धार्मिक ग्रंथों के साथ अन्य धार्मिक पुस्तकों का भी संग्रह होगा। कमेटी की तरफ से प्रति मंगलवार,शनिवार को भण्डारा किया जाएगा। यही पर स्थित रसोई के द्वारा प्रसाद और भण्डारें की सामग्री बनाई जाएगी जिसमें महाभोग के साथ प्रसाद भी तैयार कर वितरण किया जाएगा। इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठण्डे पानी की व्यवस्था भी होगी। श्री अग्रवाल ने बताया है कि मंदिर ट्रस्ट के द्वारा और भी जो निर्णय लिए गए है उनकों लागू किया जाएगा जिससे मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन करने वाले जो भक्त आते है इस मंदिर में भी आकर अधिक से अधिक दर्शन कर लाभ लें।

## गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत वार्ड 21 में जनसंपर्क

**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा संचालित गांव चलो,बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत मैहर नगर के वार्ड क्रमांक 21 में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर हितग्राहियों से संवाद स्थापित किया और अभियान के तहत वार्ड 21 स्थित बाबा तालाब शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने मिलकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने अभियान की महत्ता बताते हुए कहा कि इस तरह के जनसंपर्क और स्वच्छता अभियान से जनता के बीच विश्वास मजबूत होता है और विकास कार्यों को गति मिलती है।

## सूने घर में दिनदहाड़े चोरी, लाखों का माल पार

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र के घूरडांग इलाके में चोरों के हौसले बुलंद हैं। यहाँ एक सूने घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर के अंदर रखे कीमती जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।



### सुरक्षा और जागरूकताः चित्रकूट में नाविकों की विशेष बैठक आयोजित

**सतना।** चित्रकूट के भरत घाट पर मंदाकिनी नदी के नाविकों के लिए एसडीओपी राजेश सिंह बंजारे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नाविकों को सुरक्षा के कड़े निर्देश दिए गए। नाव में निर्धारित संख्या में ही सवारी बिठाना और लाइफ जैकेट,सीटी व रस्सी रखना अनिवार्य किया गया। नाबालिग बच्चों से नौका संचालन न कराने की सख्त हिदायत दी गई। इसके साथ ही नाविकों और नागरिकों को साइबर फ्रॉड,महिला सुरक्षा (ऑपरेशन एहसास),यातायात नियमों और नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया।

## सेवा पखवाड़ा अभियान का भव्य समापन; महापौर और नगर निगम अध्यक्ष ने दिया स्वच्छता का संदेश

सतना।

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ‘सेवा पखवाड़ा अभियान’ का समापन कुशाभाऊ ठाकरे मंडल में भारी उत्साह और जनसेवा के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

**व्यंकटेश मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान**

अभियान के अंतिम दिन शहर के ऐतिहासिक व्यंकटेश मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहाँ महापौर,नगर निगम अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वयं झाड़ू थामकर सफाई की। इस दौरान मंदिर परिसर में प्रातः भ्रमण पर आए नागरिकों से संवाद कर शहर को बेहतर बनाने हेतु उनके सुझाव भी लिए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत' के संदेश को जन -जन तक पहुँचाना रहा। इस समापन कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार और नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी 'पालन' सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी ने एक स्वर में सतना को स्वच्छ,और विकसित बनाने का संकल्प दोहराया। इसके साथ ही,कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि स्वच्छता के साथ-साथ 'गांव चलो,बस्ती चलो' अभियान भी निरंतर जारी है, जिसका लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुँचाना है।

## खबर संक्षेप

### दबंगों ने किया बुजुर्गों पर हमला भतीजा भी घायल

**पन्ना।** जिले की ककरहटी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम मोहन पूरा में हार्वेस्टर से गेहूं निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ जिसमें एक वृद्ध को तथा उनके भतीजे को बुरी तरह लाठी डंडों से पीटा गया जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल को रामकिशोर त्रिपाठी अपना गेहूं हार्वेस्टर से निकलवा रहे थे इस दौरान आरोपी अरुण द्विवेदी अमित द्विवेदी तथा उदित द्विवेदी द्विवेदी द्वारा प्राण घातक हमला किया गया जिसमें रामकिशोर त्रिपाठी हरि नारायण तथा वेद नारायण त्रिपाठी को गंभीर चोटें आए हैं जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 296351 के तहत मामला कायम किया है आवेदक रामकिशोर के सिर पर टांके लगे हुए हैं तथा हरिराम के हाथ में फैक्चर है आगे रखना आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

### अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, तीन डंपर जप्त



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदौरा चौकी पुलिस ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन डंपरों को जप्त किया है। यह कार्रवाई उस समय की गई, जब स्थानीय लोगों ने संदिग्ध वाहनों को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। चंदौरा चौकी प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि पकड़े गए तीनों डंपर उत्तर प्रदेश के हैं, जिनसे अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था। क्षेत्र में इन दिनों नहर निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते बाहरी वाहनों के माध्यम से रेत की ढुलाई की जा रही थी। चौकी प्रभारी, चंदौरा विक्रम सिंह ने यह भी बताया कि "तीन डंपर जप्त किए गए हैं, रॉयल्टी नहीं है। उच्च अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है, आगे की कार्रवाई जारी है।" प्राथमिक जांच में सामने आया है कि डंपरों में भरी रेत के लिए कोई वैध रॉयल्टी नहीं पाई गई है। हालांकि, अभी रेत की मात्रा का आकलन किया जाना शेष है। फिलहाल पुलिस ने तीनों डंपरों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और पूरे मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है। मामले में आगे और सख्त कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# दौधन गांव धरना स्थल पर प्रशासन की टीम ने प्रदर्शनकारियों से की वार्ता

**विशेष अभियान के जरिए ग्रामवार समस्याओं का होगा निराकरण**
**मौका स्थल पर प्राप्त किए गए शिकायत एवं आवेदन**
**धरना समाप्त करने की दी सलाह**

पन्ना।





केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन दौधन बांध के समीप विगत 5 अप्रैल से धरने पर बैठे ग्रामीणों से रविवार को पन्ना जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा धरनास्थल पर पहुंचकर विस्तृत चर्चा की गई। दल में एसडीएम पन्ना संजय कुमार नागवंशी एवं एसडीएम अजयगढ़ आलोक मार्को सहित जल संसाधन विभाग और केन-बेतवा लिंक परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों के नेतृत्वकर्ता अमित भटनागर और विस्थापित होने वाले ग्रामीणों का पक्ष सुना गया। वार्ता के दौरान प्रशासनिक दल ने व्यक्तिगत स्तर पर ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इसमें मुख्य रूप से बालूपुर की लक्ष्मी आदिवासी, पन्ना कोंदर, कुंवरपुर के अशोक पाल और सूरी यादव सहित विश्रामगंज से आए अनेक ग्रामीणों ने अपनी बात रखी। अधिकारियों ने मौके पर ही इन ग्रामीणों की व्यक्तिगत शिकायतों और आवेदनों को प्राप्त कर उनके त्वरित निराकरण का भरोसा दिलाया। प्रदर्शनकारियों ने फेल्ड पेमेंट के कारण रुकी मुआवजा राशि और पहले की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही को वापस लेने की मांग उठाई। चर्चा में यह स्पष्ट किया गया कि पूर्व में अमित भटनागर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कुछ तकनीकी कमियां थीं। प्रशासन ने निर्देश दिए कि परियोजना से जुड़े आवश्यक दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां और दस्तावेजों की पूर्ति शीघ्र कर ली जाए, ताकि प्रदर्शनकारी वैधानिक व उचित माध्यम से अपनी बात को ठोस आधार पर रख सकें। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि रूंझ, मझगांय और केन-बेतवा लिंक परियोजना से जुड़ी ग्रामवार समस्याओं के निराकरण के लिए एसडीओ स्तर के अधिकारियों के माध्यम से विशेष अभियान चलाया जाएगा। विशेषकर ग्राम गहदरा की शिकायतों के लिए विभागीय अधिकारियों सहित प्रभावितों में से 4 अशासकीय सदस्यों के संयुक्त जांच दल का गठन किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने सहमति दी है कि वे आंदोलन समाप्ति के उपरांत इस दल के साथ स्थल निरीक्षण में सहभागी होंगे। इस अवसर पर चर्चा के दौरान यह भी स्वीकार किया गया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं के लिए विशेष पैकेज की कट ऑफ डेट बढ़ाने और 5 लाख रुपए की पुनर्वास राशि में वृद्धि करने जैसे विषय नीतिगत निर्णय हैं, जिन्हें शासन स्तर पर उठाया जाएगा। इसके साथ ही सर्वे से छूटे हुए मकानों और संपत्तियों के पुनः मूल्यांकन की मांग पर भी उचित कार्यवाही का भरोसा दिया गया। प्रशासनिक दल ने सुरक्षा की दृष्टि से सचेत करते हुए बताया कि दौधन गांव का धरना स्थल पन्ना टाइगर रिजर्व का कोर एरिया है, जहां हिंसक वन्य जीवों का सीधा खतरा रहता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि टाइगर रिजर्व के भीतर बिना अनुमति धरना देना वैधानिक नियमों के विरुद्ध है, जिससे विषम कानूनी स्थिति बन सकती है। इस कारण जनहानि के खतरे को देखते हुए ग्रामीणों को धरना समाप्त करने की सलाह दी गई है।

### जिले में संचालित हैं तीन वृहद परियोजनाएं-

वर्तमान में पन्ना जिले में तीन वृहद स्तर की परियोजनाएं संचालित हैं। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना अंतर्गत निजी भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों तथा शासकीय भूमि पर स्थित परिसंपत्तियों के प्रभावित ग्राम मरहा, कूडन, खमरी, गहदरा, कटहरी बिलहटा, कोनी, मझौली, डोंडी हैं। उक्त प्रभावित ग्रामों के मूल एवं पूरक अवार्ड पारित किए गए हैं, जिसमें कुल 1935 खातेदारों की कुल अधिग्रहित भूमि 871.077 हे. के लिए भुगतान हेतु 1 अरब 58 करोड़ 4 लाख 20 हजार 732 रूपए स्वीकृत किए गए। 1734 खातेदारों को 1 अरब 37 करोड़ 1 लाख 45 हजार 542 रूपए का भुगतान किया जा चुका है, शेष 201 खातेदारों को 2 अरब 10 करोड़ 27 सत्ताईस लाख 5 हजार 190 रूपए राशि का भुगतान किया जाना शेष है। ऐसे खातेदारों के बैंक खाते प्राप्त कर भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा राष्ट्रीय महत्व की केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन अंतर्गत प्रभावित ग्राम मरहा, कूडन, खमरी, गहदरा, कटहरी बिलहटा, कोनी एवं मझौली हैं। उक्त ग्रामों के प्रभावितों को उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग, भोपाल द्वारा निर्धारित 21 जनवरी 2022 कट ऑफ दिनांक से प्रारंभिक सूची अनुसार कुल 1231 परिवारों का चयन कर एवं विशेष पैकेज अंतर्गत पुनर्वास अनुदान राशि 12.50 लाख प्रति परिवार के मान से कुल 1 अरब 53 करोड़ 87 लाख 50 हजार रूपए मात्र स्वीकृत किए गए, जिसमें से 1229 परिवारों को 1 अरब 53 करोड़ 62 लाख 50 हजार रूपए का भुगतान किया जा चुका है, जबकि दो परिवारों को 25 लाख रूपए राशि का भुगतान किया जाना शेष है, जिसकी कार्यवाही प्रचलन में है।

### मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना-

मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों के प्रभावित ग्राम मझगांय, बालूपुर, बनहरीकला, कुंवरपुर, हनुमतपुर, बरियारपुर भूमियान, डुंगरहो एवं सब्दुआ हैं। उक्त प्रभावित ग्रामों के कुल 21 मूल एवं पूरक अवार्ड पारित किए गए हैं, जिसमें कुल 1657 खातेदारों को भुगतान योग्य कुल 1 अरब 91 करोड़ 86 लाख 80 हजार 929 रूपए की राशि स्वीकृत कर मुआवजा वितरित किया जा चुका है। मात्र विवादित खातेदारों की राशि वितरण हेतु शेष हैं। इस परियोजना के तहत पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन अंतर्गत प्रभावित ग्राम मझगांय, बालूपुर, बनहरीकला, कुंवरपुर एवं हनुमतपुर हैं। उक्त प्रभावित ग्रामों के विस्थापन हेतु अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा निर्धारित 1 जुलाई 2018 कट ऑफ दिनांक से प्रारंभिक सूची अनुसार कुल 1935 परिवारों का चयन कर कुल पात्र 660 परिवारों को एकमुश्त पुर्नवास अनुदान राशि 5 लाख प्रति परिवार के मान से कुल 33 करोड़ रूपए मात्र स्वीकृत कर पूर्ण भुगतान किया जा चुका है। शेष परिवारों के पात्रता एवं अपात्रता की जांच व दस्तावेज एकत्रित किए जा रहे हैं।

### रूंज मध्यम सिंचाई परियोजना-

रूंज मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों के प्रभावित ग्राम विश्रामगंज एंव भुजबई हैं। उक्त प्रभावित ग्रामों के मूल एवं पूरक अवार्ड पारित किए गए हैं, जिसमें कुल 710 खातेदारों को भुगतान योग्य कुल 44 करोड़ 23 लाख 58 हजार 951 रूपए मात्र की राशि स्वीकृत कर 43 करोड़ 86 लाख 63 हजार 205 रूपए राशि का वितरण किया जा चुका है, जबकि 36 लाख 95 हजार 746 रूपए मात्र का भुगतान शेष है। रूंज मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत पुर्नवास एवं पुनर्व्यवस्थापन के तहत प्रभावित ग्राम विश्रामगंज है। प्रभावित ग्राम के विस्थापन हेतु शासन द्वारा निर्धारित 5 अक्टूबर 2018 कट ऑफ दिनांक से प्रारंभिक सूची अनुसार कुल 670 परिवारों का चयन कर कुल पात्र 670 परिवारों को एकमुश्त पुर्नवास अनुदान राशि 5 लाख प्रति परिवार के मान से कुल 33 करोड़ 50 लाख रूपए राशि की स्वीकृति उपरांत पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

# मड़ला थाने में सीट बैल्ट की चैकिंग का विवाद, पुलिस की नौतिकता पर भी सवाल

पन्ना।



जो महिला बंदूक हांथ में लिये थे क्या उसे पुलिस के ऊपर रौब दिखाना कहा जाये जो अपने पति को समझाने का प्रयास कर रही की पुलिस के मुंह मत लगो वहीं एक शक्स चाहे वह ड्राईवर हो स्वयं उन्हें दूर करते हुए सोषल मीडिया के वीडियो में नजर आ रहा है तो फिर बंदूक पुलिस को दिखाने को लेकर कैसे माना जाये।

निष्चितौर पर शासन की जिम्मेदारी पुलिस प्रषासन की महिती होती है। पर वाहन चैकिंग में यह विवाद पुलिस जहां चालान तो काट सकती थी पर विवाद का रूप जो सोषल मीडिया में हो रहे वायरल वीडियो नजर आ रहा है उसमें सोवनिवृत्त पुलिस अधिकारी वर्तमान के चैकिंग करने वाले मडला थाने के पुलिस स्टाप से निष्चितौर पर वाद-विवाद जैसी स्थिति को जरूर बयां हो रही है। पर जो बंदूक तानने का आरोप बंदूक के धौस दिखाने का रौब बताया जा रहा है यह वीडियो में ही स्पष्ट नजर आ रहा है। सोषल मीडिया के वीडियो के माध्यम से की बंदूक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की पत्नी के द्वारा स्वयं संभाले होना तो नजर आ रहा है पर बंदूक का स्तेमाल पुलिस को रौब दिखाने जैसा नजर नहीं आ रहा वहीं अपने पति को समझाईस दे रही है कि इनके मुंह मत लगो इस शब्द से जांच का विषय पुलिस के साथ जो बातचीत हुई निष्चितौर पर थी पर जहां इस वीडियो में बंदूक का हवाला पुलिस के ऊपर रौब दिखाने का है वह कहीं तक नजर नहीं आ रहा है। फिर पुलिस की कार्यप्रणाली समाज में जो स्वयं ही अपने कानून के माध्यम से दबाव बनाने की जरूर नजर आई। जो चर्चा में है अब यह तो जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ही इस घटना को लेकर स्वयं ही पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर जान सकते है कि आखिरकार क्या पुलिस चैकिंग के दौरान जहां शांति के साथ जुरबाने की राषि जो मोटरव्हीकल एक्ट में सीटवैल्ट न लगाये जाने पर होना चाहिए वह चालान कर सकती थी यहां विवाद तो दोनों पक्षों से होता है। क्या पुलिस को वृद्धपन का हालात नजर नहीं आया जो आपके विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी बताये जाते है आखिर उनकी उम्र क्या होगी। पुलिस का एक बार कार्यप्रणाली का चेहरा इस घटना से कई सवाल जन्म दे रहा है पन्ना जिला शांतिप्रिय जिला है यहां आम आदमी शांति पर आज भी भरोसा करता है उम्मीद करते है पन्ना पुलिस जिसने हमारे कोरोना काल में लोगों की मदद को लेकर जानी गई है साथ ही समाजसेवा व जागरूकता तथा पुलिस की आपकी मित्र है इन सब जिम्मेदार पुलिस की अधिकारियो के द्वारा ही जहां जरूरत समझी गई पर इस घटना में कहीं न कहीं एक चूक तो पुलिस की नजर आ रही है। वीडियो में हो रहे वायरल से बंदूक जो स्वयं पुलिस को धौंस दिखाने को लेकर माना गया है वह स्वयं ही बंदक ही बयां कर रही है। वहीं पुलिस को अपने अनुषासन व कानून का पालन करने में गंभीरता पर भी गौर करना चाहिए।



# शेर-ए-हिन्द कटरा कमेटी ने डेढ़ दर्जन जोड़ों का कराया निकाह, पौधा भेंट कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पन्ना।

पन्ना नगर के मनहर महिला समिति परिसर में शनिवार 11 मार्च को कौमी एकता और सेवा की एक खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। शेर-ए-हिन्द कटरा कमेटी के तत्वावधान में भव्य सामूहिक निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 18 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नई जिंदगी की शुरुआत की।इस वैवाहिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शशि परमार एवं वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद संगीता शिवहरे शामिल हुईं। उन्होंने नव-दंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए कमेटी के इस प्रयास की सराहना की। कमेटी सदस्य अयूब खान ने बताया की जोड़ो को निकाह के साथ-साथ गृहस्थी बसाने के लिए भी भरपूर सहयोग दिया गया। प्रत्येक जोड़े को फ्रिज , वॉशिंग मशीन, कूलर, मिक्सर, सोफा सेट, डबल बेड और अलमारी समेत 43 जरूरी घरेलू सामानों की किट प्रदान की गई। कमेटी सदस्य व रिटायर्ड शिक्षक रमजान खान ने बताया कि कार्यक्रम की सबसे अनूठी और प्रेरक बात यह रही कि निकाह के बाद हर जोड़े को एक पौधा भेंट किया गया। कमेटी का उद्देश्य है कि ये जोड़े अपने आंगन में इस पौधे को रोपकर न केवल अपनी खुशहाली, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज को दें। समारोह में अनुशासन और व्यवस्था का खास ध्यान रखा गया। प्रत्येक जोड़े की ओर से 25 बाराती और 25 घराती (कुल 50 मेहमान) शामिल हुए, जिनके लिए कमेटी द्वारा लजीज भोजन का भी व्यापक प्रबंध किया गया था। पार्षद संगीता शिवहरे ने बताया की पिछले वर्ष कमेटी ने 11 जोड़ों का निकाह संपन्न कराया था, और इस बार यह संख्या बढ़कर 18 हो गई है। हमारा लक्ष्य समाज के हर वर्ग की मदद करना और फिजूलखर्ची को रोककर सामूहिक विवाह को बढ़ावा देना है।

# बंबू हाउस में तहसीलदार रत्न राशि पांडे को दी भावभीनी विदाई



गुनौर।

राजस्व विभाग द्वारा बंबू हाउस परिसर में गुनौर तहसीलदार रत्न राशि पांडे के पवई स्थानांतरण पर एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें तहसीलदार रत्न राशि पांडे को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी नवागत तहसीलदार त्रिलोक सिंह पुसाम, नायब तहसीलदार राजेश मेहरा सहित राजस्व विभाग के गुनौर के पटवारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत तिलक वंदन के साथ हुई जिसके बाद अधिकारियों ने पांडे के कार्यकाल की उपलब्धियों को याद किया। वक्ताओं पटवारी रजनीश त्रिपाठी ने कहा कि उनके नेतृत्व में राजस्व विभाग ने कई महत्वपूर्ण कार्यों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया। पटवारी दीपेंद्र पांडे ने उनकी कार्यशैली, ईमानदारी और जनता के प्रति समर्पण को ने सराहा। वही सदर पटवारी प्रदीप मौर्य ने उनके कार्यकाल के दौरान हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना व्यक्त की। एक अन्य पटवारी अजय उपाध्याय ने विदाई के इस क्षण पर तहसीलदार के स्वभाव की तुलना एक मा से कर के माहौल भावुक बना दिया। इस अवसर पर सहकर्मियों ने पांडे को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कई कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके मार्गदर्शन में काम करना प्रेरणादायक रहा। अपने विदाई संबोधन में रत्न राशि पांडे ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग में बिताया गया समय उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने सभी से मिलजुल कर कार्य करने और जनता की सेवा को प्राथमिकता देने की अपील की। कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे आयोजन में भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जहां एक ओर खुशी थी तो दूसरी ओर एक कुशल अधिकारी के विदा होने का हल्का सा दुख भी झलक रहा था।

**मड़ला थाने की घटना ने जिले को किया शर्मसार पुलिस का अमानवीय चेहरा हुआ उजागर**

# लोकतंत्र के चीर हरण का कौन है जिम्मेवार

अमानगंज।




विगत दिनों पन्ना जिले के मड़ला थाना क्षेत्र का मामला पूरे प्रदेश भर में चर्चाओं में बना हुआ है जिसे देखकर लगता है कि प्रदेश सहित जिले में कानून की आड़ में पुलिस अपनी मनमानी वर्दी की धाक जमाने में लगी हुई है और प्रदेश की सत्ता सीन सरकार ऐसी मनमानी का खुलेआम समर्थन करती नजर आती है पन्ना जिले के मड़ला थाना प्रभारी एवं समस्त स्टाफ द्वारा एक रिटायर पुलिस अधिकारी एवं उनकी पत्नी राजश्री चौहान जो पूर्व में पवई से जनपद अध्यक्ष भी रह चुकी हैं एवं उनका मायका भी पन्ना जिले में बताया गया है इनके साथ जो जो व्यवहार थाना मड़ला पुलिस द्वारा किया गया शायद आज तक ऐसा कभी पन्ना जिले में देखने को नहीं मिला हो 87 वर्ष के रिटायर डीएसपी श्री भरत सिंह चौहान एवं उनकी पत्नी श्रीमती राजश्री चौहान जो पन्ना जिले की निवासी भी है और पवई जनपद से अध्यक्ष पदआसीन रही है परंतु जिले में वाहन चेकिंग के नाम पर वर्षों से जो अवैध वसूली पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन से की जा रही है उसे पर आज तक भी किसी जनप्रतिनिधि ने ना तो आज तक कोई पहल की है और ना ही रोग लगाई है आम जनमानस से वाहन चेकिंग के नाम पर इतना त्रस्त है कि गांव से बाजार करने के लिए भी आने में डरता है अब सवाल पन्ना जिले में वाहन चेकिंग की व्यवस्था पर भी होने लगे हैं वाहन चेकिंग से शासन को मोटी रकम प्राप्त हो रही है जिन लोगों ने सरकारों को कीमती वोट देकर सत्ता के सिंहासन पर बैठाया है वहीं सरकार आज आम जनमानस के स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रही है वृद्धि दंपति के साथ पुलिस का अमानवीय चेहरा देखकर लगा कि पन्ना जिले में पुलिस प्रशासन ही सब कुछ है जुआ सट्टा अवैध शराब जैसे काले धंधे फल फूल रहे हैं और आम जनमानस का सड़कों पर निकलना दुभर हो गया है जहां पर पुलिस द्वारा जबरन वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है दूसरी तरफ पन्ना जिले में भारी भरकम सीमेंट उद्योग भी संचालित है जहां पर पूरे जिले में हजारों ट्राला पक्का कच्चा सामान लेकर दूर दराज़ 24 घंटे निकाल रहे हैं जहां आए दिन बीच सड़क पर दुर्घटनाएं देखने को मिल रही है परंतु पुलिस प्रशासन ने दुर्घटना रोकने के लिए कोई समुचित प्रयास नहीं किए हैं और आए दिन राहगीर बे मौत काल के गाल में समाहित हो रहे हैं जहां पर न जले की पुलिस एवं कलेक्टर महोदय का ध्यान नहीं गया है भारी भरकम वाहनों की चपेट में आने से सैकड़ो रहेगी अपनी जान गंवा बैठे हैं और कई जिंदगी और मौत से जूझ रहे है सोशल मीडिया के द्वारा भ्रामक खबर चलाकर इस घटना को दर्शाकर पुलिस की शिल्पकारी की गई जहां पर वीडियो में स्पष्ट देख रहा है कि श्रीमती राजश्री चौहान अपनी लाइसेंस धारी बंदूक कंधे पर टंगे हुए हैं एवं डीएसपी साहब का वार्तालाप मौजूद स्टाफ से सुनाई दे रहा है पन्ना पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जल्दबाजी में की गई कार्यवाही जिला सहित पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन चुकी है जहां पर प्रदेश की सरकार बुजुर्गों का सम्मान करती है तो वहीं पर पुलिस प्रशासन द्वारा एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं उनकी पत्नी को सारे राय बेइज्जत कर कानूनी कार्यवाही कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया जिस सवाल तो बनता ही है अब प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय माननीय मोहन यादव जी जो गृह विभाग अपने पास रखे हुए हैं इस प्रकार एक वरिष्ठ शासकीय रिटायर दंपति को फर्जी केस लगाकर अपमानित किया गया है जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है घटना की सत्यता की जांच कर कर दोषी पुलिस कर्मचारियों पर अभिलंब कार्यवाही की जानी उचित होगी जिससे आम जनमानस का भरोसा शासन प्रशासन पर बना रहे।

# अर्जुन श्रीवास की मौत को लेकर परिजनों ने शव सड़क पर रखकर किया चक्काजाम, पुलिस के खिलाफ लगाए नारे

छतरपुर।

जिले के गौरिहार में अर्जुन श्रीवास नामक व्यक्ति द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या किए जाने के मामले मे परिजनों द्वारा पुलिस कर्मचारियों पर मारपीट के आरोप लगाने के साथ ही रविवार को सड़क पर शव रखकर चक्काजाम किया और पुलिस व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तथा मांग की कि जिन पुलिसकर्मियों ने मृतक अर्जुन श्रीवास के साथ मारपीट की थी उनके विरूद्व कार्यवाही की जाए। आपको बता दें कि गौरिहार निवासी अर्जुन श्रीवास और उसकी पत्नी के बीच विवाद चल रहा था वह शुक्रवार को गौरिहार थाने रिपोर्ट लिखाने दोपहर 12 बजे गया था और वहां से आने के बाद शाम को 5 बजे उसने घर मे ही जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिससे उसे गंभीर हालत में उत्तरप्रदेश के बांदा मेडीकल कॉलेज ले जाया गया था जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। अर्जुन श्रीवास की मौत



की पुष्टि होने पर उनके परिजनों ने गौरिहार थाना के तीन पुलिसकर्मियों पर मारपीट कर रुपयों की मांग करने के आरोप लगाए थे। लेकिन इस संबंध मे गौरिहार टीआई रूपनारायण पटैरिया का कहना था कि थाने में आडियो वीडियो सभी मौजूद है। किसी के साथ कोई मारपीट नहीं की गई है जो भी आरोप मारपीट के लगाए जा रहे है वह निराधार है। उन्होंने यह भी कहा था कि हम आने वाले दिनों मे आडियो बीडियो भी बायरल करेगे, लेकिन इस मामले मे परिजनों द्वारा कार्यवाही की मांग की जा रही है और कोई कार्यवाही ना होने पर उनके द्वारा रविवार को चक्काजाम किया गया। वहीं एडीशनल एसपी आदित्य पटले चक्काजाम की खबर सुनते ही गौरिहार पहुंचे और उन्होंने चक्काजाम कर रहे परिजनों से बातचीत की तथा उन्हें आश्वासन दिया कि जो भी उनके आरोप है उन आरोपो की विधिवत जांच कराई जाएंगी यदि जांच के दौरान मारपीट करने के कोई तथ्य सामने आते है तो संबंधित कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी। एडीशनल एसपी के इस आश्वासन के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार हेतु ले गए और चक्काजाम खत्म किया।



## 8 वें दिन भी आंदोलनकारियों ने रोका ढोड़न बांध का काम पन्ना के अतिरिक्त कलेक्टर एवं एसडीएम पहुंचे आंदोलन स्थल

छतरपुर।

नदी जोड़ो अभियान के तहत केन बेतवा लिंक परियोजना मे ढोडऩ बांध का निर्माण का कार्य चल रहा है लेकिन मुआवजा राशि में विसंगति को लेकर हजारों आदिवासी परिवार पिछले 8 दिन से बांध निर्माण स्थल पर आदोलन कर रहें है। जिन में अधिकांश पन्ना जिले के थे कलेक्टर छतरपुर द्वारा पन्ना स्थानीय प्रशासन को अवगत कराए जाने के बाद आज रविवार को अतिरिक्त कलेक्टर पन्ना आलोक मार्को एसडीएम पन्ना सतीश नागवंशी ढोढन बांध टीम सहित आंदोलन स्थल पर पहुंचे और आंदोलन कारियों से विस्तार से चर्चा की और बताया कि शासन के गाईडलाइन के अनुसार मुआवजा राशि का वितरण किया गया है। अतिरिक्त कलेक्टर ने कहा कि मुआवजा राशि के वितरण मे विसंगतिया है उन सभी विस्थापित गांव के दस्तावेज की फोटोकॉपी लाकर दे और जहां विसंगतिया है उनका दोबारा सर्वे कराया जाएंगा लेकिन केन बेतवा लिंक परियोजना ढोडऩ बांध पर आंदोलन कर रहें लोग पहले न्याय मिले उसके बाद आंदोलन समाप्त किया जाएंगा। दोनो बांध के आदिवासी विस्थापितों के एक प्रतिनिधि को एसडीएम अपने साथ रिकार्ड की फोटोकॉपी देने साथ लेकर गए आदोलन का नेतृत्व कर रहें अमित भटनागर ने कहा कि यदि सबैधानिक तरीके से मुआवजा राशि का वितरण किया गया तो आंदोलन समाप्त कर दिया जाएंगा।

# एसडीएम का विवादित आदेश पत्रकारों के विभागों में प्रवेश पर रोक विरोध के बाद संशोधित आदेश जारी

नौगांव।

नौगांव में प्रशासन और पत्रकारों के बीच टकराव की स्थिति उस समय उत्पन्न हो गई जब शनिवार को एसडीएम द्वारा एक ऐसा आदेश जारी किया गया जिसमें पत्रकारों के किसी भी शासकीय विभाग में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। इस आदेश के सामने आते ही पत्रकारों में भारी आक्रोश फैल गया और इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया गया।

स्थानीय पत्रकारों का कहना है कि नगर में शायद ही कोई ऐसा विभाग हो जहां भ्रष्टाचार की शिकायतें न हों और इन मामलों को उजागर करने का कार्य मीडिया लगातार करता रहा है। ऐसे में पत्रकारों के प्रवेश पर रोक लगाने का आदेश न केवल संदिग्ध है बल्कि यह पारदर्शिता पर भी सवाल खड़ा करता है।

बताया जा रहा है कि एसडीएम जीएस पटेल के द्वारा जारी आदेश में सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया था कि वे पत्रकारों के प्रवेश को प्रतिबंधित करें और इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। आदेश सामने आने के बाद यह मामला नौगांव से निकलकर जिला स्तर तक चर्चा का विषय बन गया। विभिन्न पत्रकार संगठनों और मीडियाकर्मियों ने इस फैसले का तीखा विरोध किया और इसे तुगलकी फरमान करार दिया। विवाद बढ़ने और लगातार विरोध के बाद एसडीएम ने अपने तेवर बदलते हुए रविवार को एक संशोधित आदेश जारी किया जिसमें पहले के आदेश को नरम करते हुए सफाई दी गई। हालांकि इस सफाई ने विवाद को और बढ़ा दिया क्योंकि अब यह कहा जा रहा है कि संबंधित अधिकारी को आदेश की पूरी जानकारी नहीं थी। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा बिना पूरी जानकारी के आदेश जारी करना और बाद में उससे पल्ला झाड़ना प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। सूत्रों के अनुसार इस विवाद की जड़ एक ऐसे मामले से जुड़ी है, जिसमें एक अकाउंटेंट की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित हो रही थीं। बताया गया कि संबंधित कर्मचारी शिक्षा विभाग में पदस्थ होने के बावजूद राजस्व विभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था और राजस्व से जुड़े कई बड़े मामलों को देख रहा था। इसी मुद्दे को लेकर मीडिया में लगातार खबरें सामने आ रही थीं जिससे प्रशासन में असहजता बढ़ी।

पत्रकारों का आरोप है कि भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों को दबाने के लिए इस तरह का आदेश लाया गया। उनका कहना है कि यदि प्रशासन पारदर्शी तरीके से कार्य कर रहा है, तो उसे मीडिया से डरने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। वहीं नगर में अवैध रेत परिवहन शिक्षा विभाग में मनमानी और अन्य अनियमितताओं जैसे मुद्दों पर भी प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इन समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय मीडिया पर ही रोक लगाने की कोशिश की जाएगी, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ होगा। अब देखना यह होगा कि इस पूरे मामले में उच्च अधिकारी क्या रुख अपनाते हैं और क्या पत्रकारों की मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई की जाती है या नहीं। फिलहाल, नौगांव में यह मामला चर्चा का केंद्र बना हुआ है और पत्रकारों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अपने अधिकारों के लिए पीछे हटने वाले नहीं हैं।

# पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या, परिजनों ने काटा भारी हंगामा



छतरपुर।

छतरपुर जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां कथित पुलिस प्रताडऩा से परेशान एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया है और उन्होंने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जानकारी के मुताबिक गौरिहार थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने कथित तौर पर पुलिस की प्रताडऩा से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडऩे पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने पुलिस पर उत्पीडऩ के गंभीर आरोप लगाए।

परिजनों का कहना है कि युवक को लगातार पुलिस द्वारा परेशान किया जा रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से काफी तनाव में था। इसी तनाव के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस की प्रताडऩा ने ही युवक की जान ली है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मामले को लेकर एक नया मोड़ तब आया जब परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज में हेरफेर का आरोप लगाया। उनका कहना है कि फुटेज के लगभग 3 मिनट गायब किए गए हैं, जिससे घटना की सच्चाई छिपाने की कोशिश की जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर परिजन और स्थानीय लोग पिछले 2 घंटे से सड़क पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उचित मुआवजे के साथ दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। एसडीओपी नवीन दुबे, तहसीलदार सहित कई थाना प्रभारियों की मौजूदगी में हालात को नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है। प्रशासन लगातार परिजनों को समझाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन परिजन अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। फिलहाल मामले ने तूल पकड़ लिया है और पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और परिजनों को न्याय कब तक मिल पाता है।



# 3 मंजिला मिठाई दुकान में भीषण आग, बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर

छतरपुर।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना नाके पर स्थित प्रसिद्ध बलराम स्वीट्स की 3 मंजिला मिठाई दुकान में रविवार को भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि दुकान का बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पूरी तरह तबाह हो गया। लाखों रुपये की मिठाई, सामान और फर्नीचर चंद मिनटों में जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार नुकसान की राशि करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है।

आग लगने के तुरंत बाद दुकान से घना काला धुआं उठने लगा जो दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। स्थानीय लोगों ने तुरंत सूचना दी, लेकिन दमकल की गाडिय़ां मौके पर पहुंचने में करीब एक घंटा लगा। गौरतलब है कि आग लगने वाली दुकान दमकल स्टेशन से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। देरी से पहुंचने के कारण आग ने पूरे भवन में फैलने का मौका पा लिया। आग बुझाने में नगर पालिका के टैंकरों का भी सहयोग लिया गया।

किशनचंद्र अग्रवाल ने बताया कि आग अचानक लगी और इतनी तेजी से फैली कि कुछ भी बचाने का मौका नहीं मिला। परिवार ने नगर पालिका की गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि दमकल वाहनों के समय पर न पहुंचने से उनका भारी नुकसान हुआ। आग का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या किसी तकनीकी खराबी से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं। घटना छतरपुर शहर के व्यस्त इलाके में हुई, जहां आसपास कई अन्य दुकानें और आवासीय क्षेत्र भी हैं। आग की चपेट में आने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिसे राहत की बात माना जा रहा है।



## आईजी मिथिलेश शुक्ला ने लगाई छतरपुर पुलिस की हाई-वोल्टेज क्लास बोले थानेदारी के साथ-साथ दिखानी होगी जवाबदेही

छतरपुर।

सागर संभाग के पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला ने रविवार को छतरपुर जिला पुलिस की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान आईजी का कड़ा तेवर देखने को मिला, जहाँ उन्होंने पेंडिंग अपराधों और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर कई थाना प्रभारियों को जमकर फटकार लगाई। बैठक में डीआईजी विजय खत्री, पुलिस अधीक्षक अगम जैन और एडिशनल एसपी आदित्य पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक के दौरान आईजी मिथिलेश शुक्ला ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को दो टूक शब्दों में सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब जिले में जिसकी जैसी गलती, वैसी उस पर कार्रवाई का सिद्धांत लागू होगा। उन्होंने थाना प्रभारियों को सचेत किया कि यदि उनके कार्यक्षेत्र में कोई भी अनर्गल गतिविधि या अपराध होता है और उसमें पुलिस की लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित प्रभारी को बख्शा नहीं जाएगा। आईजी ने प्रभारियों को अपने इलाकों में सक्रियता बढ़ाने और जनता के बीच पुलिस का विश्वास बहाल करने के निर्देश दिए।

### अपराध नियंत्रण और पेंडिंग केसों पर जोर

आईजी ने बैठक में एक-एक कर सभी थानों के लंबित मामलों, वारंट तामीली और गंभीर अपराधों की समीक्षा की। जिन थानों में केसों के निराकरण की गति धीमी पाई गई, वहां के प्रभारियों को उन्होंने तत्काल कार्यप्रणाली सुधारने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम केवल शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि समय सीमा के भीतर पीड़ित को न्याय दिलाना और अपराधियों में कानून का खौफ पैदा करना है।

## नि:शुल्क नि:संतानता एवं स्त्री रोग शिविर में 267 महिलाओं का हुआ परीक्षण

# हम फाउण्डेशन का शपथ ग्रहण समारोह

छतरपुर।




समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हम फाउण्डेशन छतरपुर ने रविवार 12 अप्रैल 2026 को हर हेल्थ भोपाल के सहयोग से विशाल निःशुल्क निःसंतानता एवं स्त्री रोग निवारण शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम बस स्टैंड स्थित केयर इंग्लिश स्कूल में सुबह 10 बजे शुरू हुआ। सबसे पहले हम फाउण्डेशन की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ, जिसमें पदाधिकारियों ने समाजसेवा के प्रति पूर्ण समर्पण की शपथ ली।

शिविर में मध्य भारत की प्रसिद्ध निःसंतानता विशेषज्ञ डॉ. प्रियाभावे चित्तावार ने बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं का निःशुल्क परीक्षण किया। शिविर के लिए निःसंतानता से पीड़ित 267 महिलाओं का पूर्व पंजीयन किया गया था, जिनका विस्तृत चिकित्सकीय परीक्षण डॉक्टर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक उपस्थित रहीं। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए समाजसेवा और स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक उप्पल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्योति चौरसिया, श्रीमती सुषमा दोसाज और डॉ. प्रियाभावे चित्तावार मौजूद रहीं।‹इस अवसर पर डॉ. भरत पाठक, जयराम चतुर्वेदी, पंकज पहारिया, राजेश पाठक, वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र अग्रवाल, कमलेश घोष और डॉ. सुमति प्रकाश जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और भक्तजन उपस्थित रहे। हम फाउण्डेशन के प्रवीण गुप्त ने बताया कि यह शिविर गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का एक प्रयास है। फाउण्डेशन भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जारी रखेगा।

## खबर संक्षेप

### नौगांव राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम से तार चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**नौगांव।** नौगांव थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता पिछले दिनों नगर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम से तार चोरी का मामला सामने आया था जिस पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे थे। लेकिन नौगांव पुलिस की सक्रियता से स्टेडियम से कॉपर और एल्यूमिनियम के बिजली तार चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बताया जाता है कि पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए तार भी बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार नगरपालिका में पदस्थ कर्मचारी राजू रैकवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर जाल बिछाया था और इसमें पुलिस को सफलता भी मिली। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों विवेक और जितेंद्र को दबिश देकर पकड़ा। दोनों आरोपियों के पास से चोरी किया कॉपर और एल्यूमीनियम बरामद कर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। इसे नौगांव पुलिस की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

### बहन से छेड़छाड़ का विरोध करना भाई को पड़ा भारी



**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र के हिम्मतपुरा गांव में बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक युवक पर गांव के कुछ युवकों ने हंसिया और पत्थरों से निर्मम हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।घायल युवक की पहचान बब्लू अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि गांव के कुछ युवक लंबे समय से उनकी बहन को लगातार परेशान कर रहे थे। जब बब्लू ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने गुस्से में आकर उस पर हंसिया और पत्थरों से हमला बोल दिया। हमले में बब्लू के सिर पर गहरी चोट आई है। परिजनों ने तुरंत घायल बब्लू को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल बब्लू जिला अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। स्थानीय लोगों ने इस घटना की निंदा की है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पंचमुखी भोलेनाथ मंदिर में श्रीमद भागवत कथा, उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**राजनगर।** रामबाग के पास स्थित पंचमुखी भगवान भोलेनाथ मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीमद भागवत कथा का संगीतमय आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर क्षेत्रभर से सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे पूरे इलाके में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

कथा के पांचवें दिवस पर पंडित टीकाराम शास्त्री जी महाराज ने अपने मुखारविंद से अमृतमयी श्रीमद भागवत कथा का भावपूर्ण वाचन किया। उनकी सरल एवं प्रभावशाली वाणी ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा के दौरान भक्ति, ज्ञान और धर्म के गूढ़ तत्वों को सहज भाषा में समझाया गया, जिससे श्रोता भाव-विभोर हो उठे। श्रद्धालुओं ने बताया कि पांचवें दिन की कथा अत्यंत प्रेरणादायक रही, जिसने उनके मन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

